राजस्थान टूरिज्म को मिला सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार

जयपुर। उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को मुम्बई ओटीएम (आउटबाँड ट्रेवल मार्ट) के समापन और पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि राजस्थान अपने महलों, विरासत स्थलों,

- **राजस्थान अपने महलों, विरासत स्थलों, इंफ्रास्ट्रक्चर व इको-टूरिज्म आदि के लिए प्रसिद्ध : दीया कुमारी**
- **उप मुख्यमंत्री ने कहा, ''ओटीएम में पर्यटन विभाग की भागीदारी ने राजस्थान में विदेशी पेशेवरों के लिए पर्यटन विकास के दरवाजे खोले''**

इंफ्रास्ट्रक्चर व इको-टूरिज्म आदि के लिए प्रसिद्ध है। ओटीएम में पर्यटन विभाग की भागीदारी ने राजस्थान में विदेशी पेशेवरों के लिए पर्यटन विकास के दरवाजे खोल दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने मुम्बई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में कहा कि ओटीएम एशिया में अग्रणी ट्रैवल ट्रेड शो है। इसका आयोजन इस बार 8 से 10 फरवरी तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में किया गया है। राजस्थान पर्यटन को इससे काफी बढ़ावा मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान पर्यटन ने कई शहरों में जी-20 बैठकों की मेजबानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उदयपुर, जोधपुर और जयपुर में राज्य की पर्यटन क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए भारत के एमआईसीई हब के रूप में राजस्थान की छवि को और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि राजस्थान में पर्यटन और संबद्ध उद्योग और व्यापार राज्य की अर्थव्यवस्था का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है और रोजगार सृजन, क्षेत्रीय विकास, बुनियादी ढांचे के विकास और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने आदि जैसे आर्थिक लाभ प्रदान करता है। 2022 में, राज्य ने अपनी स्थिति में सुधार करते हुए घरेलू और विदेशी दोनों पर्यटकों के लिए 7वां स्थान हासिल किया। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023 में राज्य में आने वाले आगंतुकों की संख्या काफी रही। 17.90 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों की मेजबानी, साथ ही लगभग 17 लाख विदेशी आगंतुकों का आगमन, मेहमानों की विविध श्रृंखला को दर्शाता है।

ओटीएम में राजस्थान टूरिज्म को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार मिला। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने खुशी जताई। राजस्थान के पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंट्स ने डिप्टी सीएम से मुलाकात की और राजस्थान पर्यटन के विकास में गहरी रुचि दिखाई। इस आयोजन में पूरे राजस्थान से ट्रैवल एजेंटों ने भाग लिया।

मुम्बई ओटीएम में राजस्थान टूरिज़्म को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार मिलने पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने खुशी जताई।

नरसिंहराव व चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने पर जताई खुशी

जयपुर। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य और विधि परामर्शी एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल ने किसान कल्याण को समर्पित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, देश की आर्थिक प्रगति में योगदान के लिये पूर्व प्रधानमंत्रीपी.वी. नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के रचनाकार कृषि वैज्ञानिक स्व.मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन को भारत रत्न की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त की है। जोगाराम पटेल ने कहा कि ये एक ऐतिहासिक और गौरवान्वित करने वाला क्षण है। पटेल ने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, योगदान, त्याग व निष्ठा से कार्य करने वालों को देश का सर्वोच्च पुरस्कार मिलता है। इन महापुरुषों का भारत के विकास में योगदान अविस्मरणीय है।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि पी.वी. नरसिम्हा राव का भारत की विदेश नीति, भाषा और शिक्षा क्षेत्रों में योगदान एक ऐसे नेता के रूप में उनकी बहुमुखी विरासत को रेखांकित करता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की

एकात्म मानववाद के प्रबल समर्थक पं. दीनदयाल उपाध्याय की 56 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। पंडित दीनदयान उपाध्याय की जयंती के अवसर पर धरोहर संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव रामनरेश तिवारी, भाजपा प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक राजेन्द्र सिंह शेखावत, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चैधरी, पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी विमल कटियार, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओपी यादव और मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत ने पुष्प अर्पित किये।

मोदी की गारंटी योजनाओं का होगा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार : रामनरेश तिवारी

- **'भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुजफ्फरनगर के शुक्रताल से करेंगे ''ग्राम परिक्रमा यात्रा'' की शुरूआत'**
- **भाजपा किसान मोर्चा को सौंपा अभियान का जिम्मा, प्रदेश के गांवों में होगी किसान चौपाल**
- **'राजस्थान की 11 हजार ग्राम पंचायतों सहित वार्डों में निकाली जाएगी ग्राम परिक्रमा यात्रा'**

जयपुर। देशभर में शुरू हो रही भाजपा की ''ग्राम परिक्रमा यात्रा'' को लेकर आज भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव रामनरेश तिवारी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा कल यूपी के मुजफ्फरनगर स्थित शुक्रताल से दोपहर 12.30 बजे किसान मोर्चा ''ग्राम परिक्रमा यात्रा'' का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही देशभर में 12 फरवरी से 12 मार्च तक एक महिने परिक्रमा यात्रा विभिन्न गांवो में निकाली जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की सरकार किसानों के हित में कल्याणकारी कार्य करने के लिए संकल्पबद्ध है। किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस.स्वामीनाथन को (मरणोपरांत) भारत रत्न देने की घोषणा समूची किसान बिरादरी का सम्मान है।

प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं किसान मोर्चा प्रभारी मोतीलाल मीणा, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चैधरी, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओपी यादव और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद रहे। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव रामनरेश तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी देशभर में ग्राम परिक्रमा यात्रा निकाल रही है। गांवों में किसान-मजदूर तक केंद्र की मोदी सरकार की किसान हितैषी गारंटी योजनाओं के बारे में उन्हें लाभांवित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी 12 फरवरी से एक माह तक इस अभियान को चलाने जा रही है। इस अभियान का जिम्मा भाजपा किसान मोर्चा को सौंपा गया है। इसी कड़ी में राजस्थान में भाजपा किसान मोर्चा 12 फरवरी से ''ग्राम परिक्रमा यात्रा'' का शुभारंभ करेगा। इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने के लिए किसान मोर्चा ने प्रदेश व जिला स्तर पर समितियां गठित कर दी हैं। छह सदस्यीय प्रदेश समिति में संयोजक के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चैधरी, सदस्य मोर्चा के महामंत्री ओपी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चैधरी, गणपतसिंह राठौड़ , प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश ढाका और प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी गुरजंट सिंह धालीवाल को शामिल किया गया है। इसके अलावा जिलों की जिला समिति में कुल आठ सदस्य होंगे, इनमें मोर्चा के जिलाध्यक्ष संयोजक, पांच कार्यक्रम प्रभारी, जिला मीडिया प्रभारी व जिला सोशल मीडिया प्रभारी सदस्य होंगे।

भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा 12 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के शुक्रताल से किसान मोर्चा ''ग्राम परिक्रमा यात्रा'' का शुभारंभ करेंगे। किसानों एवं मजदूरों की आकांक्षाओं को जानने के उदेश्य से एक महीने चलने वाली ''ग्राम परिक्रमा यात्रा'' में भाजपा सरकार के विकास कार्यों की जानकारी को देश के दो लाख से अधिक गांवों में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी के तहत राजस्थान में भी इसी दिन से अभियान का शुभारंभ होगा।

इस ''ग्राम परिक्रमा यात्रा'' के शुभारंभ का सीधा प्रसारण देश के सभी संगठनात्मक जिलों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक संगठनात्मक जिले में होने वाले सीधे प्रसारण समारोह में हजारों की संख्या में किसानों को आमंत्रित किया गया है।

किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मोतीलाल मीणा ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ गाय, हल, ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्रों का पूजन करके किया जाएगा।



राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में रविवार को केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने मुलाकात की। उन्होंने मिश्र से उनकी कुशलक्षेम पूछी। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

देवनानी ने डॉक्टर हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को नागपुर में डॉक्टर हेडगेवार स्मृति स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देवनानी ने हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी। वे दीक्षा भूमि भी गये। देवनानी ने हेडगेवार की जन्मस्थली पर पहुंचकर पवित्र स्थल के दर्शन किये। देवनानी ने कहा कि डॉक्टर हेडगेवार के आदर्श अनुकरणीय है। उनके त्याग को राष्ट्र सदैव याद रखेगा।

देवनानी ने नागपुर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के दीक्षा स्थल पर पहुंचकर उन्हें भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये। देवनानी ने कहा कि उन्हें नागपुर में पवित्र स्थानों पर आकर सुखद अनुभूति हुई है। देवनानी ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर हमारे प्रेरणा स्त्रोत है।

देवनानी आज उदयपुर जाएंगे

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को उदयपुर जाएंगे। देवनानी उदयपुर में प्रताप गौरव केंद्र में आयोजित बैठक में भाग लेंगे।देवनानी का मंगलवार को जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त भर्ती परीक्षा में करीब 70 फीसदी उपस्थिति

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 11 फरवरी को कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023 का आयोजन अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर के 317 परीक्षा केंद्रों पर किया गया। इसके प्रथम पेपर में कुल 96669 में से 67705 (लगभग 70.03 प्रतिशत) और द्वितीय पेपर में कुल 96669 में से 67380 (लगभग 69.70 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे। बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि परीक्षा का आयोजन दो पारियों में किया गया था। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई तथा परीक्षा आयोजन में सहयोग के लिये जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को धन्यवाद दिया।

- **सभी संभाग मुख्यालयों में 317 केंद्रों पर हुई परीक्षा**

वहीं जयपुर शहर के 142 परीक्षा केन्द्रों पर पहली पारी में 71.43 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत एवं किस्मत को आजमाया। जयपुर में कुल पंजीकृत 47350 अभ्यर्थियों में से 33824 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पारी में जयपुर शहर के केन्द्रों पर 71.14 फीसदी से अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे।

छह आई.एफ.एस. के तबादले

जयपुर, (का.सं.)। राज्य सरकार ने रविवार को एक आदेश जारी कर भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 6 अधिकारियों के तबादले किए हैं। वहीं 5 अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। इसके अलावा दो मंत्रियों के विशिष्ट सहायक भी बदले हैं।

कार्मिक विभाग की ओर से जारी तबादला सूची के अनुसार आईएफएस पवन कुमार उपाध्याय को प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक लगाया गया है। राजेश कुमार गुप्ता को अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर, बीजो जॉय को वन संरक्षक कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर, संग्राम सिंह कटियार को उप वन सरंक्षक जयपुर विकास प्राधिकरण (वन संरक्षक का प्रभार सहित), देवेंद्र प्रताप जागावत को उप वन संरक्षक जयपुर उत्तर और कस्तूरी प्रशांत सूले को उपवन संरक्षक सिरोही के पद पर लगाया गया है। इसके अलावा आईएफएस अरिजीत बनर्जी, शिखा मेहरा, के.सी.ए. अरुण प्रसाद, राम करन खेरवा और सुनील को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

वहीं राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) अधिकारी राजेंद्र सिंह राठौड़ अब मंत्री बाबू खराड़ी के विशिष्ट सहायक होंगे। भगवती सिंह राठौड़ डिप्टी सीएम प्रेम चंद्र बैरवा के विशिष्ट सहायक होंगे।

कनिष्ठ सहायक के 3,552 पदों पर होगी भर्ती

- **मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती के लिये प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिये हैं**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कनिष्ठ सहायक के 3552 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। इससे युवाओं को रोजगार के उचित अवसर मिल सकेंगे और उनका भविष्य सुरक्षित होगा। इन पदों में गैर अनुसूचित क्षेत्र के 2788 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 764 पद शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि लेखानुदान (बजट) 2024-25 में राज्य सरकार ने 70 हजार सरकारी नौकरियों पर भर्ती की घोषणा की थी, जिसकी क्रियान्विति पर राज्य सरकार ने काम भी शुरू कर दिया है। बजट में प्रत्येक संभाग में रोजगार मेलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन करने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई हैं। साथ ही, भर्ती प्रक्रियाओं में होने वाले अकारण विलम्ब को समाप्त करने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा वार्षिक भर्ती कलेण्डर जारी करने का भी फैसला लिया गया है।

करौली में आयरन ओर के बड़े डिपोजिट्स मिले

- **करौली के खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी के 1888 हैक्टेयर क्षेत्र में आयरन ओर ब्लॉकों की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की तैयारी**

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान के करौली में आयरन ओर के बड़े डिपोजिट्स मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के निर्देश और पहल पर खान विभाग ने राजस्थान के करौली में हिण्डोन के पास करीब 1888 हैक्टेयर क्षेत्र में आयरन ओर ब्लॉकों के कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की तैयारी शुरु कर दी है। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि करौली के हिण्डोन के पास खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी में आरंभिक संकेतों के अनुसार आयरन ओर के 840 मिलियन टन से अधिक डिपोजिट है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में नई सरकार बनते ही मांइस विभाग एक्शन मोड पर आ गया है। पहले 15 दिन का अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाकर खनन माफिया पर प्रभावी कार्यवाही की गई, वहीं मेजर और माइनर ब्लाकों व आरसीसी ईआरसीसी ठेकों की नीलामी की प्रक्रिया शुरु की गई है। आयरन ओर के नए डिपोजिट्स से प्रदेश में औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि विभाग द्वारा किए गए आरंभिक एक्सप्लोरेशन में आयरन ओर के मेग्नेटाइट और हेमेटाइट दोनों के ही संकेत मिले हैं। करौली के खोड़ा में 462.3 हैक्टेयर, डेडरोली में 754.38 हैक्टेयर, टोडुपुरा में 260.71 और लीलोटी में 410.94 हैक्टेयर क्षेत्र में आयरन ओर के डिपोजिट मिले हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार यहां आयरन ओर के 840 मिलियन टन से अधिक डिपोजिट है। विभाग द्वारा किये गये एक्सप्लोरेशन के अनुसार यहां पर चुंबकीय प्रकृति के मेग्नेटाइट और नार्मल प्रकृति के हेमेटाइट आयरन ओर उपलब्ध है। आरएसएमईटी द्वारा ऑक्शन के लिए ब्लॉक तैयार कर दिये गये हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की स्वीकृति के साथ ही कंपोजिट लाइसेंस के लिए ऑक्शन की राह प्रशस्त हो गई है। कंपोजिट लाइसेंस के ऑक्शन से इस क्षेत्र में फर्दर एक्सप्लोरेशन होगा और यह माना जा रहा है कि फर्दर एक्सप्लोरेशन से इस क्षेत्र में आयरन ओर के और अधिक डिपोजिट्स मिलने की संभावना है। करौली में आयरन ओर मिलने से आने वाले समय में प्रदेश में औद्योगिक निवेश को और अधिक पंख लगेंगे। स्टील व सीमेंट उद्योग को बढावा मिलेगा। आयरन ओर से स्टील उद्योग के साथ ही कोल वाशिंग, फेरोअलॉय, फाउण्ड्रीज, सेरेमिक और सीमेंट उद्योग सहित अनेक उद्योगों को वर्षों तक कच्चा माल प्राप्त हो सकेगा व प्रदेश में इन उद्योगों में निवेश और नए उद्योग लगने के साथ ही रोजगार और आय के अवसर विकसित होंगे।

पुलिस महानिदेशक ने पदभार संभाला

जयपुर। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी उत्कल रंजन साहू ने रविवार को राजस्थान पुलिस महानिदेशक का पदभार संभाल लिया। साहू ने सुबह पुलिस मुख्यालय में अपना कार्यभार संभाला। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों डीजीपी उमेश मिश्रा के वीआरएस लेने के बाद साहू कार्यवाहक डीजीपी के रूप मे कार्य कर रहे थे।

पदभार संभालने के बाद साहू ने कहा कि इस साल जारी प्राथमिकताओं के आधार पर अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने के साथ ही महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, गैंगवार एवं साइबर अपराधों की रोकथाम की दिशा में विशेष कार्य किया जाएगा। वर्ष 1988 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी साहू होमगार्ड का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे।

सिंधी समाज को राष्ट्र के विकास में निभानी होगी सक्रिय भागीदारी : देवनानी

जयपुर, (का.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सिंधी समाज को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा की सिंधी समाज व्यापार और उद्योग में अग्रणी है। देवनानी ने रविवार को नागपुर में सिंधी सम्मेलन को संबोधित किया।

देवनानी ने कहा कि हम सभी को भारतीय संस्कृति का वाहक बनना होगा। देवनानी ने कहा कि हमें अपनी मातृभूमि पर गर्व होना चाहिए। सिंधी भाषा प्राचीन और मधुर भाषा है। उन्होने सिंधी भाषा के विकास पर चर्चा करने की आवश्यकता जताई। देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज को देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में आगे लाने के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा राष्ट्रगान में भी सिंध का उल्लेख है। यह हमारी पहचान है और हम अंतरात्मा के साथ देश के विकास से जुड़े हुए हैं। देवनानी ने कहा कि गरीबों के उत्थान में समाज मदद करें। भारत विश्व गुरु था, है और रहेगा। समाज को देश के सभी क्षेत्र के विकास में योगदान देना होगा। नागपुर में सिंधी समाज द्वारा दिए गए स्नेह और सम्मान के लिएदेवनानी ने आभार व्यक्त किया।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को नागपुर में सिंधी सम्मेलन में भाग लिया।

भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी समाज द्वारा राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय संरक्षक घनश्याम कुकरेजा, संत शनम्मुख दास उदासी, संत दामोदरदास, संत तुलसी दास खुशलानी, प्रमिला मुथरानी सहित समाज के लोग मौजूद थे।

एल्विश यादव ने नाहरगढ़ का भ्रमण किया

जयपुर। रियलिटी शो बिग बॉस से चर्चा में आए यू ट्यूबर एल्विश यादव जयपुर में नाहरगढ़ किले का भ्रमण किया। उन्होंने वो बावड़ी देखी जहां रंग दे बसंती फिल्म में आमिर खान का सीन फिल्माया गया था। इस दौरान उन्होंने दोस्तों के साथ बैठकर डरावनी कहानियां भी सुनी। इस दौरान राजस्थान पुलिस के जवान भी एल्विश यादव के साथ मौजूद रहे। इसके साथ एल्विश यादव की सुरक्षा के लिए उनकी टीम होटल भी बदल दिया।

जयपुर में नाहरगढ़ का वीडियो एल्विश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर भी किया है। इस दौरान वे जलमहल की पाल पर भी पहुंचे। पानी में बने महल के बारे में जानने की कोशिश करते नजर आए।

दरअसल, एल्विश यादव जयपुर में सहकार मार्ग स्थित क्लब जारजा में मीटअप के लिए आए हुए थे। रात को ही वे अपने फैंस से मिलने पहुंचे। उन्होंने क्लब में अपना गाना राव साहब भी सुनाया। जयपुर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जयपुर से उनको बहुत प्यार मिला है। यहां उन्हें आना हमेशा अच्छा लगता है। जयपुर विजिट के दौरान उन्होंने अपने घर के इंटीरियर के लिए कुछ चीजें भी खरीदी। बताया जा रहा है कि लगभग 25 लाख रुपए की शॉपिंग उन्होंने अपने बाथरुम के लिए की है।